सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 145 | इंदौर, मंगलवार 09 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## IndiGo पर कार्रवाई कर 'मिसाल' बनाएगी सरकार!

### कौन से बड़े ऐक्शन की है तैयारी




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने जिस तरह से कुछ ही दिनों में हजारों फ्लाइट्स कैंसल कर दी हैं, उसके आने वाले दिन परेशानी भरे हो सकते हैं। सरकार भी इंडिगो एयरलाइन पर एक्शन लेने के फुल मूड में है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) पूरी तरह से ऐक्शन मोड में है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि सरकार इंडिगो के शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम में कटौती करेगी और विमानन कंपनी के हालिया बड़े पैमाने पर परिचालन व्यवधानों के बाद उन्हें अन्य संचालकों को आवंटित करेगी। माना जा रहा है कि इंडिगो से रोजाना करीब 110 उडानें छीनी जा सकती हैं। अगर इंडिगा को रवैया नहीं सुधरा तो ऐक्शन और भी कड़ा हो सकता है। नायडू ने कहा कि इंडिगो पर एक्शन लेकर सरकार मिसाल पेश करेगी।

नायडू ने दूरदर्शन समाचार चैनल से कहा, "हम इंडिगो के मार्ग को कम करेंगे। वे अभी 2,200 उड़ानें संचालित कर रहे हैं। हम उन्हें निश्चित रूप से कम करेंगे।'' मंत्री ने यह भी बताया कि एक से आठ दिसंबर (शाम पांच बजे तक) तक रद्द किए गए 7,30,655 पीएनआर के लिए 745 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 9,000 यात्रियों के बैगों में से 6,000 वापस किए जा चुके हैं और शेष बैग आज रात या मंगलवार सुबह तक दे दिए जाएंगे। बता दें कि इंडिगो के शेयर पहले से ही धड़ाम हो गए हैं। वहीं सरकार की एक्शन से इंडिगो की बाजार में हिस्सेदारी पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। बता दें कि 5 दिसंबर को इंडिगो की 100 से ज्यादा सेवाएं प्रभावित हुई थीं। इसके बाद लाखों यात्री परेशन हो गए। लोग एयरपोर्ट्स पर फंसे रहे। यात्री वैकल्पिक विमानों की व्यवस्था भी नहीं कर पाए।इसके बाद डीजीसीए ने इंडिगो को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इंडिगो ने बताया कि वह पूरे संकट के लिए जिम्मेदार नहीं है। इंडिगो ने कहा कि मामूली तकनीकी खराबियां, विंटर शेड्यूल लागू होने में बदलाव हवाई यातायात पर बढ़ी भीड़, खराब मौसम और नए क्रू ड्यूटी टाइम लिमिटेशन यानी एफडीटीएल फेज-2 की वजह से उड़ानों को रद्द करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना नेशनल पार्क में 10 नई कैंटर बसों को दिखाई हरी झंडी

## एक साथ 19 पर्यटक ले सकेंगे अब जंगल सफारी का आनंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार सुबह पन्ना नेशनल पार्क के मडला गेट से 10 नई वीविंग कैंटर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब इन बसों के जरिए पर्यटक जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव और अधिक सुविधाजनक तरीके से ले सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन की सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा हैं।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम ने पर्यटकों को एक और सौगात देते हुए प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अहम कदम उठाया है। जंगल सफारी के लिए 10 नई आरामदायक वीविंग कैंटर बसें उपलब्ध करायी हैं। इन कैंटर बसों में एक साथ 19 पर्यटकों के बैठने की क्षमता है। यह बसें अन्य सफारी वाहनों की तुलना में अधिक लंबी और ऊंची हैं, जिससे पर्यटकों को बेहतर दृश्य और अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ये बसें अधिक सुरक्षित मानी जा रही हैं। इन बसों की लंबाई और ऊंचाई भी अधिक है, जिससे सफर के दौरान पर्यटकों को ज्यादा जगह और आराम मिलता है।



वहीं बच्चों और सीनियर सिटिज़न्स के लिए यह बसें सुरक्षित और अनूठा अनुभव प्रदान करेंगी। इन बसों में बैठकर पर्यटक न केवल वन्यजीवों के विचरण का नज़ारा देख सकेंगे, बल्कि जंगल सफारी का एक सुखद और यादगार अनुभव भी कर सकेंगे। 10 नई वीविंग कैंटर बसों के संचालन से उन पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। ऑनलाइन बुकिंग न होने पर भी जंगल सफारी के आनंद और अनुभव से वंचित नहीं होंगे। ऑनलाइन स्लॉट जल्दी भर जाने से पर्यटकों को नेशनल पार्क पहुंचकर भी सफारी से वंचित होने जैसी असुविधा अब नहीं होगी।

### नेशनल पार्क्स के एंट्री गेट से ही बुकिंग की सुविधा

नई कैंटर बसों के संचालन के बाद अब पर्यटकों को नेशनल पार्क के गेट पर ही सफारी बुक करने की सुविधा मिलेगी। ऑनलाइन बुकिंग पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इन वाहनों से जंगल सफारी का आनंद लेने के लिए प्रति व्यक्ति/प्रति राउंड लगभग 1150 से 1450 रुपए तक शुल्क देना होगा। ये 10 नई कैंटर बसें प्रदेश के प्रमुख नेशनल पार्कों और पर्यटन स्थलों जैसे बांधवगढ़, कान्हा, पेंच, पन्ना, परसिली (सीधी) सहित अन्य नेशनल पार्क्स और अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की सुविधा के लिए संचालित की जाएंगी।

# मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड का कहर, अगले 3 दिन शीतलहर का अलर्ट, पारा 5 डिग्री से नीचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश इस समय भीषण ठंड की चपेट में है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में कोल्ड वेव यानी शीतलहर का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी और शहडोल के लिए कोल्ड वेव अलर्ट, जबकि नरसिंहपुर में कोल्ड डे की चेतावनी जारी की है। हालात ऐसे हैं कि न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे पहुंच सकता है।

### बर्फीली हवाओं से कंपकंपा प्रदेश

उत्तर भारत से आ रही सर्द और बर्फीली हवाओं ने प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी है। कई शहरों में रात का तापमान 6 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। शहडोल जिले के कल्याणपुर में सबसे कम 4.2 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। वहीं, भोपाल में पिछले चार दिनों से लगातार सर्द हवाएं चल रही हैं, जिससे दिन के समय भी ठंड का असर साफ नजर आ रहा है।



रविवार और सोमवार की रात प्रदेश के अधिकांश शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। इंदौर में तो बीते 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो 2015 के बाद सबसे कम है।

### कल्याणपुर सबसे ठंडा, पचमढ़ी भी कांपा

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में सबसे ठंडा इलाका कल्याणपुर (4.2 डिग्री) रहा। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में 5.2 डिग्री, उमरिया में 5.6, राजगढ़ में 6, नौगांव 6.5 और रायसेन में 7 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। कई अन्य शहरों में भी पारा 8 से 9 डिग्री के बीच रहा। उज्जैन में इस सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जहां तापमान 9 डिग्री तक गिर गया। भोपाल में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री, ग्वालियर में 8.9 डिग्री और जबलपुर में 8.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### क्यों बढ़ रही है ठंड?

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में तापमान तेजी से गिरा है। इन क्षेत्रों से आने वाली ठंडी हवाएं मध्य प्रदेश को प्रभावित कर रही हैं। इसके अलावा, ऊंचाई पर करीब 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही हवाएं सर्दी को और तीखा बना रही हैं। अरब सागर में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण नमी बढ़ी, जिससे ठंड का असर और गहरा हुआ।

# सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं को समक्ष में बुलाकर समस्याओं के निराकरण की नई पहल

## समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर दो शासकीय सेवकों को किया गया निलंबित

- चिन्हित बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था करायी जाएगी सुनिश्चित
- सभी बड़ी बिल्डिंगों में अनिवार्य रूप से कराना होगा फायर ऑडिट
- कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा बैठक संपन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, राजस्व संबंधी मामलों तथा आवश्यक सेवाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर आयुक्त नगर निगम श्री रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार तथा श्री रोशन राय

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पष्ट निर्देश हैं कि आमजन से जुड़ी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नामांकन, बंटवारा, सीमांकन तथा सीएम हेल्पलाइन जैसे संवेदनशील प्रकरणों का त्वरित निराकरण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि एसआईआर में जिले में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, अब शेष मैपिंग के कार्य एवं दावा–आपत्ति की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सभी एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। समय सीमा में प्रकरण निराकृत नहीं करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायतकर्ताओं को बुलाकर समक्ष में समस्याओं के निराकरण की नई पहल

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित एवं गंभीर शिकायतों को अधिकारीगणों के समक्ष ही शिकायतकर्ताओं को बुलाकर समस्याओं को त्वरित निराकृत करने की नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी एवं नागरिकों को समय पर लाभ मिल सकेगा। आज की बैठक में भी चार महत्वपूर्ण प्रकरणों को चिह्नित कर आवेदक और अधिकारियों को रूबरू कर समक्ष में समस्याओं का निराकरण किया गया। लापरवाही पाये जाने पर दो शासकीय सेवकों के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है।

बैठक में शिकायतकर्ता श्री सुभाष मस्करा की शिकायत का त्वरित निराकरण करते हुए ग्राम पंचायत मोरोद के सचिव को निलंबित कर दिया गया है। श्री सुभाष मस्करा ने पात्रता पर्ची नहीं मिलने के संबंध में शिकायत की थी। इसी तरह समग्र आईडी के संबंध में शिकायतकर्ता श्री विनोद परमार की समस्या को भी सुना गया। समग्र आईडी बनाने में लापरवाही पाये जाने पर झोनल कार्यालय के ऑपरेटर को निलंबित कर दिया गया है।

इसी तरह बैंक ऑफ इंडिया की बिचौली मर्दाना शाखा द्वारा आवेदक के बिना अनुमति के किसान क्रेडिट कार्ड का लोन तीन लाख 84 हजार रुपये आवेदक के खाते में जमा कर दिया गया। आवेदक द्वारा पुराना ऋण जमा कर दिया गया था, जो लोन आवेदक को प्राप्त नहीं हुआ है उसका ब्याज आवेदक श्री प्रीतम सिसोदिया से मांगा जा रहा है। इस शिकायत का निराकरण करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि आवेदक को हुई परेशानी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए और आवेदक को जांच कर उसका भुगतान किया जाए। इसी तरह एक अन्य आवेदक श्री राजू सेन ने बताया कि अरविंदो मोहोक प्राइवेट अस्पताल में आवेदक की माताजी रेखा बाई को हार्ट का ऑपरेशन करवाने के लिए लेकर गए थे। अस्पताल में इलाज नहीं किया गया और 3 लाख रुपये आयुष्मान कार्ड से निकाल लिए गए थे। आवेदक को अहमदाबाद भेज दिया गया जिससे आवेदक को काफी समस्या आ रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांच करें एवं अहमदाबाद में हुए इलाज की राशि पात्रतानुसार आवेदक को दिलायी जाए। इसी तरह शिकायतकर्ता श्री विनोद परमार द्वारा बताया गया कि वार्ड क्र78, रहीम नगर (बिजलपुर गाँव) में वह रहता है। उसने परिजनों के समग्र आईडी के लिए नगर निगम के झोनल कार्यालय में आवेदन दिया। समग्र आईडी उसकी नहीं बन पायी। कलेक्टर श्री वर्मा ने लापरवाही पाये जाने पर झोनल कार्यालय के ऑपरेटर को निलंबित कर दिया।

### बेसमेंट पार्किंग की पुनः जांच अभियान

बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि शहर में यातायात सुधार के लिए लगातार प्रयास जारी है। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा विगत वर्ष में चलाए गए अभियान के तहत बनाए गए 134 बेसमेंट पार्किंग स्थलों में पार्किंग की व्यवस्था पुनः सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाकर जांच की जाएगी। नगर निगम द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जहां पार्किंग का उपयोग बंद पाया जाएगा, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इन स्थलों को सार्वजनिक जानकारी हेतु बोर्ड लगाये जाएंगे। जानकारी पब्लिक डोमेन में भी साझा की जाएगी।

### फायर ऑडिट अभियान शुरू

हाल ही में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने शहर के सभी संस्थानों में अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जहां फायर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होगा, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध, सख्त कार्रवाई जारी

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि चाइनीज मांझा का उपयोग क्रय-विक्रय एवं भंडारण प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश से सख्ती से पालन कराया जाएगा, इसके लिए सभी एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि कुछ स्थानों पर कार्रवाई की गई है, पर अब इसे और सख्ती से लागू किया जाएगा। उन्होंने इंदौरवासियों से आग्रह किया कि यह चायना मांझा मानव जीवन, पशु–पक्षियों और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है, अतः इसका उपयोग न करें। भंडारण एवं बिक्री से जुड़े दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध कारखानों एवं हानिकारक रसायनों पर सख्त मुहिम

जिले में अवैध कारखानों, रसायनों के अवैध भंडारण और अनुमति विहीन गतिविधियों पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा निरंतर अभियान चलाया रहा है। हाल ही में खजराना क्षेत्र में अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया गया। एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियों के विरुद्ध लीड लेकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अवैध बायोडीजल पर भी कार्रवाई

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि बीते दिवस अवैध बायोडीजल के भंडारण एवं बिक्री पर कार्रवाई करते हुए एक पंप को सील किया गया है। ऐसी कार्रवाइयाँ आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# बीच शहर में मेट्रो के खिलाफ याचिका पर सुनवाई, याचिकाकर्ता ने मांगा स्टे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के बीच में मेट्रो ट्रेन शुरू करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें सोमवार को भी शासन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।**



याचिकाकर्ता किशोर कोडवानी ने इस पर आपत्ति लेते हुए कोर्ट से आग्रह किया कि 11 महीने से शासन की ओर से जवाब नहीं दिया जा रहा है। इसलिए इस प्रोजेक्ट पर स्टे दे दीजिए। हाईकोर्ट ने इस पर शासन को आखिरी मौका देते हुए 18 दिसंबर को आखिरी सुनवाई के लिए तारीख दी है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि प्रोजेक्ट कब शुरू होगा, कब खत्म यह तो बताना होगा। प्रशासनिक जज विजयकुमार शुक्ला, जस्टिस बिनोदकुमार द्विवेदी की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पिछली सुनवाई पर शासन की ओर से कोई जवाब पेश नहीं किया गया। वहीं मेट्रो के वकील भी उपस्थित नहीं थे। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता किशोर कोडवानी ने बताया कि बंगाली चौराहे से एयरपोर्ट तक मेट्रो चलाने की योजना बनाई जा रही है। इस हिस्से में मेट्रो चलने से शहर की तस्वीर ही बिगड़ जाएगी। हाईकोर्ट, रानी सराय, राजबाड़ा जैसी ऐतिहासिक महत्व के स्थल हैं, जिन्हें खुदाई से बहुत खतरा है। पुरातत्व विभाग से भी कोई अनुमति इस रूट के लिए नहीं ली गई है। वहीं जिला योजना समिति में भी इस प्रोजेक्ट को सहमति के लिए कभी रखा ही नहीं गया। याचिकाकर्ता ने कहा कि मेट्रो अंडर ग्राउंड चले या एलिवेटेड, दोनों ही तरह से शहर और व्यापारियों को भारी नुकसान है। शहर में वैसे ही हरियाली का संकट है। हजारों की संख्या में पेड़ काटे जाएंगे। रीगल तिराहे स्थिति पेड़ों पर हजारों तोते रहते हैं। मेट्रो के लिए खुदाई होगी तो सबसे पहले ये पेड़ ही कटेंगे। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद मेट्रो कॉर्पोरेशन को डिटेल रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

# बीएसएनएल के बकाया जमा करने पर मिलेगी 50 प्रतिशत तक की छूट

- नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील महू में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा।

उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड एवं एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं प्रदाय की जाएंगी । बीएसएनएल के उपभोक्ता अपने बिल संबंधित प्रकरणों का बीएसएनएल नेहरू पार्क स्थित कार्यालय के राजस्व अनुभाग में भी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर समाधान / निपटान करवा सकते हैं।

स्वस्थ तन, संपन्न किसान और आत्मनिर्भर भारत की पहचान

# इंदौर में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित होगा भव्य जैविक महोत्सव

● श्री अन्न और तिलहन महोत्सव के जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों का सीधा विक्रय एवं प्रदर्शन किसानों द्वारा किया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। स्वस्थ तन, समृद्ध किसान और आत्मनिर्भर भारत के ध्येय को केन्द्र में रखते हुए इंदौर में 12, 13 एवं 14 दिसंबर को भव्य जैविक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय जैविक मेला इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कनवाला कुआं में आयोजित होगा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस महोत्सव में जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों का सीधा विक्रय एवं प्रदर्शन किसानों द्वारा किया जाएगा, जिससे उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित होगा।

यह मेला आत्मा परियोजना, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, तथा मां रेणुका फूड्स, आनंदम ऑर्गेनिक और शगुन नैचुरल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रयास का उद्देश्य है कि इंदौर स्वच्छता के साथ–साथ स्वस्थता के क्षेत्र में भी देश में अग्रणी बने।

मेला चार आकर्षक भागों में विभाजित रहेगा। मेले का पहला भाग मिलेट्स (श्री अन्न) प्रदर्शनी आधारित होगा। इस प्रदर्शनी में कोदो, कुटकी, कंगनी, रागी, सामा जैसे समृद्ध पोषक तत्वों वाले पारंपरिक अनाज प्रदर्शित किए जाएंगे। नागरिकों को श्री अन्न के महत्व, उपयोग और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इनका विक्रय भी किया जायेगा।

मेले का दूसरा भाग तिलहन प्रदर्शनी का होगा। यह तिलहन और स्वास्थ्य का संगम रहेगा। इस खंड में सरसों, तिल्ली, मूंगफली, अलसी, सूरजमुखी जैसे तिलहनों से घानी द्वारा निकाले गए शुद्ध तेल उपलब्ध रहेंगे। आगंतुकों को शुद्ध स्वदेशी तेलों के गुण, उनकी उपयोगिता एवं स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया जाएगा।

तीसरा ज्ञान सत्र (Knowledge Sessions) होगा। इस सत्र में विशेषज्ञों द्वारा स्वदेशी तेलों के स्वास्थ्य लाभ, तिलहन खेती एवं प्रसंस्करण, मिलेट्स आधारित नवाचार, प्राकृतिक और जैविक खेती तकनीक आदि पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। किसानों के लिए यह सत्र विशेष रूप से उपयोगी रहेगा।

मेले का सबसे आकर्षक चौथा भाग स्वाद और सेहत से भरपूर रहेगा। यहां जैविक खाद्य स्टॉल लगाकर जैविक उत्पादों से बने पारंपरिक व्यंजन उपलब्ध होंगे, जैसे दाल-पानिया, मिलेट्स की खिचड़ी, मिलेट्स के पोहे, गिर गाय के दूध से बनी जलेबी सहित अन्य स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों का विक्रय किया जाएगा। इस मेले के माध्यम से प्रयास है कि नागरिकों को जैविक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए, किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर बाजार उपलब्ध हो, मिलेट्स और तिलहन के महत्व को जन–जन तक पहुंचाया जाए और इंदौर को स्वच्छता के साथ-साथ स्वस्थता में भी नंबर–1 बनाया जाए।

शराब के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई

## अवैध मदिरा सहित दोपहिया वाहन जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में अवैध मदिरा और दोपहिया वाहन का कुल मूल्य लगभग 75 हजार रुपये है।**

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, उड़नदस्ता प्रभारी श्री कमलेश सोलंकी, वृत्त महू सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक खत्री, पवन टिकेकर की टीम के संयुक्त दल ने 08 दिसम्बर को अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में कोदरिया मार्ग पर एक्टिवा वाहन (MP09 DP 8356) से अवैध रूप से परिवहन की जा रही एक पेटी देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई। मदिरा एवं वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 75 हजार रुपये है। वाहन सहित मदिरा को जप्त करते हुए आरोपी रमेश पिता देवीलाल निवासी कोदरिया महू के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## भाजयुमो नगर अध्यक्ष की बारात में हर्ष फायरिंग

पुलिस बोली- जांच के बाद कार्रवाई करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **भारतीय जनता युवा मोर्चा (BJYM) के नगर अध्यक्ष की बारात में हर्ष फायर किए गए। इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि, बारात में शामिल बीजेपी पदाधिकारियों ने घटना की जानकारी न होने की बात कही है। वहीं, पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।**



BJYM के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा की बारात 5 दिसंबर को तेजाजी नगर इलाके से गोल्डन ब्लॉसम रिसॉर्ट तक गई थी। इसमें कई पार्टी नेता शामिल हुए थे। बारात में शराब माफिया, महू के एक गैंगस्टर के बेटे सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद थे। बारात के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। इसी दौरान शराब माफिया और बीजेपी से जुड़े एक नेता ने बंदूक और पिस्तौल से हर्ष फायर किए। बारात में इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव, राऊ विधायक के प्रतिनिधि, स्थानीय पार्षद भी शामिल हुए थे। मेयर का नाचते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। मामले पर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने कहा- वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी, वह की जाएगी। करीब एक महीने पहले भी बीजेपी और करणी सेना से जुड़े पृथ्वी सिंह द्वारा बारात में हर्ष फायर करने का वीडियो सामने आया था। खजराना पुलिस ने आरक्षक प्रदीप सूर्यवंशी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की थी। जांच के दौरान पता चला कि हर्ष फायर पृथ्वी सिंह ने किया है। पृथ्वी सिंह इंदौर 5 के विधायक के करीबी बताए जाते हैं। टीआई मनोज संेधव के मुताबिक, वायरल वीडियो में फायर करने वाली बंदूक लाइसेंसी है। वरिष्ठ अफसरों के निर्देशन में प्रकरण दर्ज किया गया है। जांच जारी है।

## स्मृति और पलाश ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। म्यूजिक डायरेक्टर पलाश मुछाल और भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना के रिश्ते में पूरी तरह से दरार आ गई है। दोनों ने अपनी शादी कैंसिल कर दी है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर भी एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। यह जोड़ा 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने वाला था, लेकिन उससे पहले ही दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। दोनों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से सगाई, हल्दी सेरेमनी और शादी से जुड़े सभी फोटो और वीडियो हटा दिए हैं। गौरतलब है कि शादी के ठीक पहले बताया गया था कि स्मृति के पिता की तबियत बिगड़ने की वजह से शादी को आगे बढ़ाया जा रहा है। बाद में दोनों ने शादी कैंसिल करने की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर दी। शादी कैंसिल होने की खबरों के बीच स्मृति मंधाना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने लिखा कि पिछले कुछ हफ्तों से उनकी निजी जिंदगी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे, इसलिए अब बोलना जरूरी हो गया है। स्मृति ने कहा कि वह एक बहुत ही निजी इंसान हैं और अपनी लाइफ को प्राइवेट रखना पसंद करती हैं, लेकिन वह यह साफ करना चाहती हैं कि शादी कैंसिल हो गई है। उन्होंने सभी से इस मामले को यहीं खत्म करने और दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करने की अपील की है। स्मृति ने आगे कहा कि उनका पूरा फोकस अब अपने खेल और देश के लिए ट्रॉफी जीतने पर है। दूसरी ओर, पलाश मुछाल ने भी पोस्ट लिखकर अपनी बात रखी है। पलाश ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और निजी रिश्ते से पीछे हटने का फैसला किया है। उन्होंने बेसलेस अफवाहों और लोगों के रिएक्शन पर दुख जताया है। पलाश ने इसे अपनी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर बताया और कहा कि वह इसे ग्रेसफुली हैंडल करेंगे। उन्होंने चेतावनी भी दी कि जो लोग गलत खबरें और मानहानि वाला कंटेंट फैलाएंगे, उनकी टीम उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेगी। अंत में उन्होंने इस मुश्किल समय में साथ खड़े रहने वालों का शुक्रिया अदा किया।



## डॉ. रोहिणी घावरी ने फिर अपने पूर्व प्रेमी और सांसद चंद्रशेखर पर हमला बोला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर की डॉ. रोहिणी घावरी ने एक बार फिर अपने पूर्व प्रेमी और यूपी से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर हमला बोला है। डॉ. रोहिणी ने आरोप लगाया कि चंद्रशेखर दलित और ब्राह्मण बेटियों के सम्मान पर भड़काऊ बातें कर समाज को गुमराह कर रहे हैं। रोहिणी ने कहा कि मेरे साथ सार्वजनिक अपमान हुआ और अब भी सांसद जिम्मेदारी से बच रहे हैं। यह प्रतिक्रिया दतिया में 5 दिसंबर को सांसद द्वारा दिए गए बयान के बाद सामने आई है। डॉ. रोहिणी ने अपनी पोस्ट में लिखा- मैं वाल्मीकियों की बेटी हूं। मेरे सम्मान के साथ खेलकर छोड़ने वाला जाटवों का नेता है। जब तुम दलित बेटियों का सम्मान नहीं कर सकते, तो ब्राह्मणों की बेटियों से शादी करके उनका क्या सम्मान करोगे। मेरा सार्वजनिक चीरहरण कराया गया, खूब अपमान किया और करने वाले कौन हैं- आप सब जानते हो। उन्होंने आगे लिखा- ''पहले जाटव-वाल्मीकि समाज में शादी करके रोटी-बेटी का व्यवहार कर लो, फिर ब्राह्मण बेटियों से शादी की बातें करना। घर में सुधार नहीं कर सकते और मंच से भड़काऊ भाषण देते हैं। फर्जी अंबेडकरवादी।



# भूमि संबधी लंबित प्रकरणों के लिए पुन: चलाया जाये राजस्व अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों और आम नागरिकों के भूमि-संबंधी लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाभियान पुनः चलाया जाए। इससे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेखों में सुधार जैसे प्रकरणों का तेजी से और पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जाए।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को महाराजा कन्वेंशन सेंटर खजुराहो में राजस्व विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि 6 माह से अधिक लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। इसके लिए प्राथमिकता से पीठासीन अधिकारियों से संपर्क करें। राजस्व अभिलेखों का डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। नागरिकों को उनकी भूमि का त्वरित नक्शा और विवरणों की उपलब्धता आसान बनाए। इसके लिए वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध करायें। यह सुविधा अगले दो वर्ष में पूर्ण करें। वेबसाइट से प्राप्त दस्तावेजों को प्रामाणिक बनाए जिससे दस्तावेजों की डुप्लीकेसी रुकेगी। नवीन आवश्यक आबादी भूमि का चिन्हांकन करें। प्रदेश के नक्शाविहीन ग्रामों का नक्शा बनाएं। भू-अर्जन प्रकरणों के एंड-टू-एंड निराकरण को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया बनाए।

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बैठक में विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों और नवाचारों की जानकारी दी। साथ ही आगामी तीन वर्ष की कार्ययोजना बताई। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पोरवाल सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## ● हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न वितरण का लाभ सुगमता से पहुंचे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को खजुराहो स्थित कन्वेंशन सेंटर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न वितरण का लाभ सुगमता से पहुंचे। जरूरतमंद गरीबों, श्रमिकों, किसानों और महिलाओं का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य रूप से लक्षित सार्वजनिक प्रणाली, उपार्जन प्रक्रिया, तकनीकी नवाचार, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों सहित विभिन्न विषयों पर रिव्यू किया गया। इस दौरान डॉ. यादव ने विभाग द्वारा किए गए नवाचारी प्रयासों की सराहना की, वहीं अन्य विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों के ई-केवाइसी एवं राइट फुल टारगेटिंग कार्य की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि यह प्रक्रिया नियमित अंतराल में दोहराई जाए, ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त हो सके।

## राजस्व विभाग की दो वर्षों की उपलब्धियां

राजस्व विभाग ने प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए वर्ष 2024–25 में तीन चरणों में राजस्व महाअभियान संचालित किया गया, जिसको एक करोड़ से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना जिसने 24 जिलों में राजस्व न्यायालयों के लिए समर्पित अधिकारियों की नियुक्ति कर त्वरित और नियमित न्यायिक कार्यवाही सुनिश्चित की। RCMS के माध्यम से पिछले दो वर्षों में 41.68 लाख प्रकरणों में से 94% से अधिक प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना जिसने जियो-फेंस तकनीक का उपयोग कर त्रुटिहीन फसल गिरदावरी सुनिश्चित की और 3.80 करोड़ सर्वे नंबरों में फसल विवरण को फोटो सहित दर्ज किया। स्वामित्व योजना अंतर्गत प्रदेश में 94% कार्य संपन्न कर आबादी ग्रामों में 39.63 लाख अधिकार अभिलेख वितरित किए गए।

## राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का भाई गांजा तस्करी में गिरफ्तार


अनिल बागरी

**सतना, एजेंसी।** मध्य प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के भाई अनिल बागरी को सतना की रामपुर बघेलान पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। अनिल और उसके साथी पंकज सिंह से 46 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। एडिशनल एसपी प्रेमलाल धुर्वे ने कहा- मुखबिर की सूचना पर 7-8 दिसंबर की दरमियानी रात रामपुर बघेलान पुलिस ने मरौहा गांव में पंकज सिंह के घर पर दबिश दी। घर के बाहर टीन शेड में धान की बोरियों के नीचे 4 बोरियां मिलीं। इनमें 48 पैकेट गांजा के बरामद किए गए। इसकी बाजार में कीमत 9 लाख 22 हजार 680 रुपए है। आरोपी पंकज को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बरामद गांजा अनिल बागरी और उसके बहनोई शैलेन्द्र सिंह का बताया। पुलिस ने सोमवार को अनिल बागरी को भी गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत में न्यायाधीश शशिकांत वर्मा के सामने दोनों आरोपियों को पेश किया गया। जहां से उन्हें 19 दिसंबर तक की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इससे पहले 3 दिसंबर को उत्तर प्रदेश की बांदा पुलिस ने राज्यमंत्री बागरी के बहनोई शैलेंद्र सिंह को भी इसी आरोप में गिरफ्तार किया था।

## खाद लाइन में खड़े किसान की मौत

**टीकमगढ़, एजेंसी।** टीकमगढ़ में खाद के लिए लाइन में खड़े एक किसान की मौत का मामला सामने आया है। कारी बजरुआ गांव निवासी 50 वर्षीय जमुना कुशवाहा सोमवार सुबह टीकमगढ़ तहसील स्थित बड़ौरा घाट वितरण केंद्र पर यूरिया खाद लेने गए थे, जहां उन्हें चक्कर और उल्टियां आने लगीं। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने किसान को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया और उपचार के लिए भर्ती कराया। दोपहर करीब 3 बजे इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

## परफॉर्मेंस के दौरान गिरे सिंगर मोहित चौहान



**भोपाल, एजेंसी।** एम्स भोपाल के वार्षिक फेस्ट रेटिना 8.0 में सिंगर मोहित चौहान स्टेज पर परफॉर्म करते वक्त गिर पड़े। रात करीब 12 बजे मोहित चौहान अपने सेट का अंतिम गीत नादान परिंदे गा रहे थे। गाते-गाते वे स्टेज के पिछले हिस्से की तरफ बढ़े। स्टेज के पिछले हिस्से में होने से वो ज्यादातर लोगों की नजर से गायब हो गए। इसी बीच नीचे लगी एक लाइट उनके पैर से टकरा गई, जिससे संतुलन बिगड़ा और वे गिर पड़े। 59 वर्षीय मोहित को उनके साथ मौजूद टीम मेंबर्स ने तुरंत उठाया और स्टैंडिंग पोजिशन में लाया। चूंकि घटना सेकेंड में हुई और वे तुरंत फिर से गाने लगे, इसलिए दर्शकों का ध्यान इस ओर नहीं गया। सोमवार को इसका वीडियो सामने आया है।

### बाबर के नाम पर मस्जिद का विरोध

## एमपी में बीजेपी नेता ने रखा 'बाबर टॉयलेट' नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के द्वारा मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखी गई है। इसके बाद देश भर में इसका विरोध हो रहा है। ऐसे में एमपी के अशोकनगर जिले में बीजेपी नेता ने अलग तरीके से विरोध किया है। बाबर के नाम पर उन्होंने सार्वजनिक टॉयलेट का नाम रख दिया है। अब इस टॉयलेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है।**

दरअसल, छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद की बरसी थी। इस दिन मुर्शिदाबाद में टीएमसी विधायक ने हुमायूं कबीर ने एक बाबरी मस्जिद की नींव रखी। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें इसे लेकर बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके बावजूद हुमायूं कबीर ने बेलडंगा में मस्जिद की नींव रखी। इसे लेकर देश भर में हिंदू संगठन के लोग विरोध कर रहे हैं। वहीं, इस फैसले को लेकर एमपी के अशोकनगर में अलग तरीके से विरोध हो रहा है। यहां के बीजेपी नेताओं ने नगर परिषद के सार्वजनिक टॉयलेट का नामकरण दिया है। जगह का नाम बाबर शौचालय रखा गया है। अब यह शहर में चर्चा का विषय बन गया है। टॉयलेट की दीवारों पर बाबर शौचालय के पोस्टर चस्पा दिए गए हैं। यह शौचालय बाइपास स्थित तुलसी सरोवर पार्क के पास है। इसके साथ ही किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बबलू यादव ने बताया कि बाबर एक आक्रांता था, जिसने न केवल हमारे भारत के अंदर हिंदू देवी देवताओं के मंदिरों को तोड़ा और हमारी संस्कृति को भी नष्ट करने का काम किया।

## धर्मेंद्र के जन्मदिन पर फैंस की श्रद्धांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** हिंदी फिल्मों के ही-मैन धर्मेंद्र का आज 90वां जन्मदिन है। भोपाल में उनके फैंस कैलाश रैकवार अनोखे ढंग से जन्मदिन मना रहे हैं। वे पूरे दिन ऑटो चलाएंगे, लेकिन सवारी से 1 रुपया भी नहीं लेंगे। सुबह से वे 20 से ज्यादा सवारियों को बैठा चुके हैं। भोपाल में एक्टर धर्मेंद्र के कई फैंस हैं। इन्होंने धर्मेंद्र एक अनमोल रत्न इंटरनेशनल फैंस क्लब और गजब धरम जी फैंस क्लब बना रखा है। इन दोनों क्लब के जरिए वे सालों से जन्मदिन मनाते आ रहे हैं।




पेशे से ऑटो चालक कैलाश ने बताया कि वे हर साल अपने हीरो सदाबहार, सुपर स्टार धर्मेंद्र के जन्मदिन पर भोपाल में विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी फिल्म स्टार हेमा मालिनी जी को भी है। इस बार लोगों के लिए मुफ्त में ऑटो चलाकर धर्मेंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। सुबह 7 बजे से उन्होंने ऑटो चलाना शुरू कर दिया, जो शाम तक जारी रहेगा। किसी भी यात्री से कोई किराया नहीं लेंगे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले अफसर को कार ने उड़ाया

**मंडला, एजेंसी।** मंडला जिले के बड़ी खैरी ग्राम में मॉर्निंग वॉक के दौरान तेज रफ्तार कार की टक्कर से मध्य प्रदेश शासन की संस्था 'जन अभियान परिषद' के विकासखंड समन्वयक अनिल मेहरा की मौत हो गई। हादसा 5 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे डिंडौरी रोड स्थित योगिराज अस्पताल के पास हुआ। घटना का CCTV फुटेज सोमवार को सामने आया है। CCTV फुटेज में दिख रहा है कि घने कोहरे के बीच अनिल मेहरा सड़क किनारे पैदल चल रहे थे, तभी पीछे से आई महरून/लाल रंग की कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार रुकी और उसमें सवार दो लोग नीचे उतरे, घायल को देखा और फिर दोबारा कार में बैठकर मौके से फरार हो गए।

## ट्रेन के दो इंजनों में जोरदार टक्कर

**नीमच, एजेंसी।** ले में बड़ा हादसा हुआ है। हिंगोरिया फाटक पर ट्रेन के दो इंजन आपस में टकरा गए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों इंजन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस हादसे में चार लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे की वजहों का खुलासा नहीं हुआ है। दरअसल, हिंगोरिया फाटक स्थित एक ही रेलवे ट्रैक पर दो इंजनों में आमने-सामने की टक्कर हुई है। टक्कर के बाद दोनों इंजन क्षतिग्रस्त हो गईं। इस हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं। इनका इस्तेमाल मेटेंनेंस काम के लिए किया जाता था। एक इलेक्ट्रिक का काम करती थी। दूसरे इंजन से पैकिंग का काम होता था। ये टक्कर कैसे हुई है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। टक्कर के बाद घटना स्थल पर अफरातफरी मच गई है। रेलवे अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू का काम शुरू कर दिया।

## संपादकीय

### पीएम मोदी की ओमान यात्रा से पश्चिम एशिया में भारत की ताकत बढ़ेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते ओमान यात्रा पर जा रहे हैं। पीएम मोदी की यह ओमान यात्रा कई मायनों में बहुत ही खास है। ओमान पश्चिम एशिया में भारत का सबसे पुराना और वफादार रणनीतिक सहयोगी है। भारत-ओमान संबंधों की जानकारी रखने वालों के अनुसार यह देश तेल से भरे इस क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख आर्थिक सहयोगी भी है। हाल के दिनों में भारत और ओमान के बीच जिस तरह से रक्षा सहयोग में मजबूती आई है और द्विपक्षीय व्यापार को पंख लगे हैं, प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा की अहमियत और ज्यादा बढ़ गई है। ET की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों देशों के द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर ओमान जा रहे हैं। इस यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में और ज्यादा मजबूती आने की संभावना है, क्योंकि ओमान भारत का पश्चिम एशिया में सबसे पुराना और भरोसेमंद रणनीतिक साझीदार भी है और प्रमुख आर्थिक सहयोगी भी। करीब दो साल (दिसंबर 2023 में) पहले ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक भी अपनी पहली राजकीय यात्रा पर भारत आए थे। ओमान पश्चिम एशिया में भारत का सबसे करीबी और भरोसेमंद सहयोगी है। यह ऐसा अकेला मुस्लिम मुल्क है, जो 1971 में पाकिस्तान के साथ जंग में भी भारत के समर्थन में डटकर खड़ा रह चुका है। हाल के वर्षों में दोनों देशों में मजबूत होते रक्षा संबंधों ने रक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग को एक और मजबूत आधार प्रदान किया है। एक अधिकारी ने बताया है कि ओमान खाड़ी का पहला देश है, जिसके साथ मिलकर भारत की तीनों सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया है। दोनों देशों के रक्षा संबंधों में निकटता का ही प्रमाण है कि ओमान ने हिंद महासागर में अपने दकम पोर्ट तक भारतीय नौसेना की पहुंच सुलभ करवाकर पश्चिम एशिया में भारत को बहुत बड़ी ताकत उपलब्ध करवाई है। आज की स्थिति ये है कि भारतीय मूल के ओमानी नागरिकों का वहां महत्वपूर्ण जगहों पर बहुत ज्यादा दबदबा बन चुका है। ओमान एक ऐसा मुस्लिम देश है, जिसने इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) तक में भी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का लगातार और मजबूती के साथ समर्थन किया है। पीएम मोदी की ओमान यात्रा को लेकर जानकारों का मानना है कि इससे दोनों देशों के बीच प्रस्तावित कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट का रास्ता साफ होगा और द्विपक्षीय व्यापार और निवेश के लिए भी और मजबूत आधार तैयार होगा। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास की फैक्ट शीट के मुताबिक भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार जो 2023-24 में 8.95 बिलियन डॉलर था, वह 2024-25 में बढ़कर 10.61 बिलियन डॉलर पहुंच गया।

Health is Wealth

# क्या डायबिटीज से बढ़ रहा है पेट के कैंसर का खतरा?

### शुगर कंट्रोल करने के लिए Oncologist ने दी ये सलाह



हाई बीपी, हाई ब्लड शुगर, कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों के नाम अब काफी आम हो चुके हैं। हर दूसरा व्यक्ति इन बीमारियों से घिरा हुआ है और जूझ रहा है। कैंसर शरीर को ऐसे जकड़ रहा है, जैसो कोई बुखार फैल रहा हो। शरीर में कहां पर कैंसर बन रहा है, तो शुरू में पता नहीं चलता। कैंसर जानलेवा बीमारी बन चुकी है, जिसका कारण खराब लाइफस्टाइल, खान-पान और कुछ अन्य बीमारियां भी हैं। जी हां, कैंसर के सीनियर सर्जन और ऑन्कोलॉजिस्ट डॉक्टर अर्पित बंसल ने बताया कि डायबिटीज शरीर के लिए साइलेंट किलर बनती जा रही है। हाई ब्लड शुगर का सीधा कनेक्शन पेट के कैंसर से बन रहा है, चलिए जानते हैं कैसे?

#### ● डायबिटीज का खतरा

डायबिटीज की बीमारी होने पर लोग ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में लग जाते हैं। शुगर की क्रेविंग भी होती है लेकिन लोग मीठा खाना बंद कर देते हैं। डॉक्टर के मुताबिक, अगर आप ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखते हैं, तो सिर्फ डायबिटीज से ही छुटकारा नहीं मिलेगा बल्कि ये कैंसर होने से भी बचाएगा। डॉक्टर कहते हैं जब शुगर लेवल बढ़ता है, तो शरीर में सूजन हो जाती है। शरीर में सूजन होना एक अलार्म की घंटी की तरह है, जो हमें बड़े खतरे से बचाने के लिए होता है। ज्यादा लंबे समय तक सूजन बनी रहती है, तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। हाई ब्लड शुगर से सीधा नुकसान पेट की हेल्थ को पहुंचता है।

#### ● पेट के कैंसर का खतरा

पेट में मौजूद छोटी-बड़ी आंत पेट के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में खास रोल निभाते हैं। आंतों में अच्छे और बुरे दोनों बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जो पाचन को बेहतर करते हैं और इम्यूनिटी को स्ट्रॉन्ग करते हैं। जब आपकी ब्लड शुगर बढ़ती है, तो बैड बैक्टीरिया आंतों में फैलने लगते हैं। ऐसे में लीकी गट नामक स्थिती पैदा होती है। ऐसा तब ही होता है, जब आंत की सेक्योरिटी सिस्टम में कोई दिक्कत आती है और फिर खराब बैक्टीरिया आपके खून में पहुंच जाते हैं। ऐसा होने पर शुरू में शरीर में सूजन दिखाई देती है लेकिन लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। आगे चलकर ये कोलन या पेट का कैंसर बन जाता है

#### ● ब्लड शुगर कंट्रोल कैसे करें

अगर आपको डायबिटीज हो गई है, तो कुछ चीजों के द्वारा अपना ब्लड शुगर कंट्रोल में रख सकते हैं। दवाई से ब्लड शुगर मैनेज हो सकता है लेकिन अन्य चीजें आपके शरीर के लिए भी फायदेमंद होती है। चलिए बताते हैं क्या करना चाहिए-

1. हरी सब्जियां, जामुन, अमरूद, संतरा, ओट्स, बीन्स, अलसी, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और फायबर युक्त चीजें खाना शुरू करें।
2. मीठे में सफेद शक्कर, पैकेट जूस, केक, तला भुना, सफेद आटा खाना बिल्कुल बंद करें।
3. रोजाना 30 मिनट तक योगा या वर्कआउट करें। इसके साथ ही टहलना भी शुरू करें।
4. स्ट्रेस कम लें और नींद पूरी करें। कम नींद और तनाव शुगर लेवल को तेजी से बढ़ाता है।
5. समय-समय पर शुगर की जांच करें और ज्यादा समस्या होने पर फौरन डॉक्टर से मिलें।



New Delhi

# लड़की के स्तन पकड़ना रेप का प्रयास नहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से सुप्रीम कोर्ट से नाराज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यौन हमलों से जुड़े मामलों में असंवेदनशील न्यायिक टिप्पणियों का पीड़िता, उनके परिवार और बड़े पैमाने पर समाज पर 'डरावना असर' पड़ सकता है, ऐसे में इस तरह की टिप्पणियों पर लगाम लगाने के लिए उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों के लिए दिशा-निर्देश बनाने पर विचार कर सकता है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। फैसले में कहा गया था कि नाबालिग लड़की के स्तनों को पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना, उसके कपड़े उतारने का प्रयास और उसे पुलिया



के नीचे खींचने की कोशिश करना दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई के दौरान वकीलों ने कहा कि इस मामले के अलावा, हाल के दिनों में कई हाईकोर्ट ने यौन हमले के मामलों में इसी तरह की मौखिक और लिखित टिप्पणी की है। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने पीठ से कहा कि हाल ही में एक अन्य मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टिप्पणी की थी कि चूंकि रात थी, इसलिए यह आरोपी के लिए एक 'आमंत्रण' था। उन्होंने कलकत्ता और राजस्थान हाईकोर्ट के ऐसे दूसरे मामलों का भी पीठ के समक्ष उल्लेख किया। एक अन्य अधिवक्ता ने पीठ से जिला अदालत के एक मामले का जिक्र किया, जहां बंद कमरे में अदालती कार्यवाही के बावजूद कई लोग मौजूद थे और सुनवाई के दौरान पीड़िता को कथित तौर पर परेशान किया गया।

New Delhi

मोदी बोले-

# कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए



**नई दिल्ली, (एजेंसी) पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा, 'वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था।**

चर्चा की शुरुआत पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए। जवाहरलाल नेहरू जिन्ना के सामने झुके थे। वंदे मातरम् आजादी के समय से प्रेरणा का स्त्रोत था तो फिर उसके साथ पिछले दशक में अन्याय क्यों हुआ। पीएम मोदी ने एक घंटे की स्पीच में वंदे मातरम् 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 बार, संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार, तुष्टिकरण 3 बार कहा।

Uttarpradesh

## थाने में शिकायत करवाने आई 21 साल की युवती से रेप

**पालघर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पालघर जिले में कानून का रक्षक ही भक्षक बन गया। कासा पुलिस स्टेशन में तैनात 40 वर्षीय कांस्टेबल शरद भोगड़े को 21 वर्षीय युवती से रेप के आरोप में रविवार शाम गिरफ्तार किया गया। पीड़ित युवती अपने प्रेम संबंध से जुड़े विवाद में शिकायत दर्ज कराने पुलिस स्टेशन पहुंची थी। जानकारी के अनुसार, युवती पहली बार उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आई थी जिसके साथ उसका प्रेम संबंध था। लेकिन जब वह तीसरी या चौथी बार अपडेट लेने या बयान देने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंची, तभी घटना को अंजाम दिया गया। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि क्या युवती स्वयं अपडेट लेने गई थी या उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। आरोप है कि कांस्टेबल भोगड़े ने युवती का विश्वास जीतकर उसे पुलिस स्टेशन परिसर के पीछे बने कॉन्स्टेबल रूम में ले जाकर दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि 26 नवंबर को युवती, वह व्यक्ति और उसकी पत्नी कासा पुलिस स्टेशन पहुंचे। व्यक्ति की पत्नी भी अपने पति और युवती के रिश्ते को लेकर महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना चाहती थी। देखते ही देखते तीनों के बीच जोरदार बहस शुरू हो गई

Paschim bangal

# बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला

**मुर्शिदाबाद, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में TMC से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गई। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। अब इस मस्जिद के लिए जुटाए चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा



किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी।

खेल

# विश्व कप फाइनल में सिमरनप्रीत ने स्वर्ण पदक जीता, ऐश्वर्य और अनीष को रजत, मनु भाकर चूकीं

**दोहा।** युवा सिमरनप्रीत कौर बरार ने रविवार को यहां मुश्किल मुकाबले में जीत हासिल करके महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अपने पदार्पण में रजत पदक अपने नाम किया।

विश्व चैंपियनशिप की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा के रजत पदक विजेता अनीश भानवाला ने भी साल का अंत शानदार तरीके से किया और दूसरा स्थान हासिल किया। जिससे भारत के पदकों की संख्या छह हो गई जिसमें दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन के साथ भारत ने पदक तालिका में चीन के बाद दूसरा स्थान बनाए रखा। चीन के पास तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक हैं।

इस साल की शुरुआत में



लीमा में विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली सिमरनप्रीत के पिता ने अपनी बेटी के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। इस निशानेबाज ने फाइनल में 41 का शानदार स्कोर बनाकर अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की और अपने माता-पिता को फक्र महसूस कराया। उन्होंने साथ ही विश्व जूनियर रिकॉर्ड की बराबरी भी की।

आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी भारतीय ईशा सिंह सातवें स्थान पर रहीं। ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर क्वालिफिकेशन दौर में 581 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह नहीं बना पाईं।

क्वालिफिकेशन दौर में 21 साल की सिमरनप्रीत ने 585 के स्कोर से पांचवें स्थान पर जबकि ईशा ने 585 के स्कोर से चौथे स्थान से फाइनल में जगह बनाई। सिमरनप्रीत ने धीमी शुरुआत की जिसमें वह पहले पांच शॉट की सीरीज में तीन निशाने चूक गईं और आठवें (अंतिम) स्थान पर खिसक गईंलेकिन उसके बाद उन्होंने वापसी की और तीन परफेक्ट '5' के शॉट लगाकर चीन की शीर्ष निशानेबाज और मौजूदा 10 मीटर एयर पिस्टल विश्व चैंपियन याओ कियानक्सुन (36 अंक से रजत) और जर्मनी की पूर्व विश्व चैंपियन डोरेन वेनेकैंप (कांस्य पदक) को पीछे छोड़ दिया।

भारतीय खिलाड़ी ऐश्वर्य चेकिया के जिरी प्रिव्रात्स्की से 0.9 अंक पीछे रहे। जिरी ने आईएसएसएफ के 40 शॉट के नए प्रारूप में खेले गए फाइनल में 414.2 का स्कोर किया। ओलंपिक चैंपियन लियू युकुन ने कांस्य पदक जीता। दो बार के ओलंपियन, पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन और मौजूदा एशियाई चैंपियन ऐश्वर्य ने पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था।

सिनेमा

## सड़क दुर्घटना का शिकार हुए बिग बॉस फेम जीशान खान, कार के उड़े परखच्चे, बाल-बाल बचे अभिनेता



**मुंबई।** मुंबई की चहल-पहल के बीच टीवी एक्टर और बिग बॉस OTT फेम जीशान खान के साथ सोमवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। मशहूर सीरियल 'कुमकुम भाग्य' और 'नागिन' में अपने किरदार से पहचान बनाने वाले जीशान की कार वर्सोवा इलाके में एक दूसरी गाड़ी से जोरदार टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि कार के एयरबैग तक खुल गए, लेकिन राहत की बात यह रही कि एक्टर पूरी तरह सुरक्षित हैं, हालांकि हादसे ने उन्हें भीतर तक हिला दिया। घटना 8 दिसंबर की रात लगभग साढ़े आठ बजे की है, जब जीशान अपनी ब्लैक कार से वर्सोवा, अंधेरी के रास्ते में थे। अचानक सामने से आ रही ग्रे कार से उनकी गाड़ी की जबर्दस्त टक्कर हो गई। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास खड़े लोग भी सहम गए। दोनों गाड़ियों को नुकसान हुआ, लेकिन किसी तरह की बड़ी शारीरिक चोट की पुष्टि नहीं हुई। हादसे के तुरंत बाद जीशान नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंचे और घटना की औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। अभी पुलिस द्वारा विस्तृत रिपोर्ट जारी नहीं की गई है और मामले की जांच जारी है। फिलहाल मामले पर खुद जीशान की तरफ से कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट सामने नहीं आया है।

## Highlights

1. IndiGo flagged no issues a day before mass cancellations: Govt
2. Pawan Kalyan says 'Dharma, Constitution are same', Congress reacts
3. Rahul, Priyanka skip PM's speech during Vande Mataram debate, BJP calls it 'disrespect'
4. This is the time to start a new airline in India: Aviation Minister on IndiGo crisis

# Truecaller bets on unique Family Protection mode as next growth engine




**NEW DEIHI, (Agency).** In what may prove to be a feature that strengthens the arsenal in a broader war against scam calls, Truecaller is adding a Family Protection feature to its caller identification application for Android phones and the Apple iPhone. This will be available free to users for now, with the ability to create a family group of up to five users, and the administrator will get a notification if a member in that group gets a suspected scam call. Additionally, there are further controls to manage protection levels, and share number blocklists with all family members, while specific to Android will be an ability to step in real-time to help a family member when a suspicious call is received.

Family Protection is now available in what the company calls four pilot markets, those being Sweden, Chile, Malaysia, and Kenya. There are plans for expansion into more important markets, with India lined up to receive this feature in the first quarter of 2026. This phased rollout, the company says, will allow them to gather usage trends and feedback from early adoption, helping improve for wider availability.

# View | First Air India, now IndiGo — India's aviation crisis is all about 'too big to tame'

**NEW DEIHI, (Agency).** India's latest aviation fiasco—about 3,000 flights cancelled since last week—has exposed the ill effects of leaving two-thirds of a fast-growing market in the hands of a single player and allowing it to become not just too big to fail, but also too big to tame.

InterGlobe Aviation Ltd., which operates IndiGo, has told the regulator that the mass cancellations were a result of multiple factors, including implementation of stricter regulations on night flying and weekly rest for pilots. Combined with technical glitches and the switch to a winter schedule, the mandate resulted in



an acute shortage of crew. With more than half a million reservations abruptly dishonoured, and stranded passengers pouring their anger at helpless counter staff, the authorities had to roll back the rules around pilot fatigue.

The Airline Pilots Association of India has rightly termed the policy U-turn as a "dangerous precedent"—after all, the IndiGo management had known the new requirements since early last year. However, authorities had no choice. After they woke up to the distressed scenes at overcrowded airports, the immediate priority was to restore order by returning the planes back to the skies.

In the process, India's own image, already sullied by a deadly Air India crash, has taken a hit among tourists and business travelers worldwide. The sheen around IndiGo, which fleetingly became the world's most valuable airline in April, has come off.

# कलेक्ट्रेट पर भिड़े पुलिस और कांग्रेसी

## पानी की बौछारों से कार्यकर्ताओं को हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में लगातार बढ़ते अपराध, नशाखोरी और शहर की अव्यवस्थित प्लानिंग को लेकर कांग्रेस और यूथ कांग्रेस ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस को बैरिकेडिंग करनी पड़ी, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।**



प्रदर्शन के दौरान जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में घुसने का प्रयास किया, तो उनकी पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बैरिकेड्स लगाए थे, लेकिन कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस प्रशासन को वाटर कैनन का सहारा लेना पड़ा और कार्यकर्ताओं पर पानी की तेज बौछारें छोड़ी गईं। शहर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल ने मीडिया से चर्चा में बताया कि यह प्रदर्शन शहर में बेलगाम होते अपराध, भ्रष्टाचार और युवाओं में बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल साबित हो रहा है और आम जनता की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। नेताओं का कहना था कि सरकार का जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। कांग्रेस नेताओं ने शहर में चल रहे विकास कार्यों और मेट्रो प्रोजेक्ट की प्लानिंग पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि अनियोजित तरीके से चल रहे मेट्रो के काम ने पूरे शहर की व्यवस्था बिगाड़ दी है। इसके अलावा जगह-जगह हो रही तोड़फोड़ से लोग परेशान हैं और शहर अस्त-व्यस्त हो चुका है। लगातार हो रहे हादसों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने शहर में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। कांग्रेस का कहना है कि 5.68 लाख मतदाताओं के गायब होने की जानकारी दी है तो नाम भी सार्वजनिक होने चाहिए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, उन्हें सार्वजनिक किया जाए।

# फैमिली कोर्ट में पेश नहीं हुए मंदसौर के जॉइंट कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मंदसौर के जॉइंट कलेक्टर राहुल चौहान के खिलाफ इंदौर में दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज होने के बाद अब उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही है। सोमवार को हाई कोर्ट के आदेश के बाद फैमिली कोर्ट में सुनवाई होना थी, लेकिन चौहान फिर कोर्ट के समक्ष पेश ही नहीं हुए। उनकी ओर से वकील ने आगे की सुनवाई के लिए तारीख मांगी। इस पर कोर्ट ने 17 दिसंबर की तारीख दी। इस दिन दोनों पक्षों के वकील के बीच बहस होना है।

पिछली सुनवाई में पत्नी निर्मला तो पेश हुई थी लेकिन जॉइंट कलेक्टर पेश नहीं हुए थे। इसके चलते कोर्ट ने 8 दिसंबर की तारीख तय की थी। इसके साथ ही हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में दोनों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा था। इस दौरान पत्नी ने पति द्वारा लगाए गए आरोपों को झुठलाया है। निर्मला ने कहा कि पति कहते हैं, वे मुझे भरण पोषण के लिए 15 हजार रुपए प्रति माह देते हैं। यह बिल्कुल झूठ है। अगर ऐसा होता तो मैं फैमिली कोर्ट क्यों आती। हाई कोर्ट के आदेश पर भरण पोषण का केस रिस्टोर हुआ है, इसलिए अब फैमिली कोर्ट में केस चलेगा। मुझे न्याय की उम्मीद है लेकिन वे आज क्यों नहीं आए। इसका मतलब कि वे झूठ बोल रहे हैं। निर्मला चौहान ने मांग की है कि पति के खिलाफ हुई एफआईआर के आधार पर उन्हें सस्पेंड किया जाना चाहिए ताकि वे जांच को प्रभावित न कर सके। उन पर शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग करने और बिना तलाक दिए दूसरी शादी की तैयारी करने जैसे गंभीर कदाचारों के लिए विभागीय जांच शुरू की जाएं।

**दो नाबालिगों की मौत**

# एक ने लगाई फांसी दूसरा करंट से झुलसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रविवार रात दो दर्दनाक घटनाएं सामने आईं, जिनमें दो नाबालिगों की जान चली गई। पहला मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र का है, जहां बारदान कारखाने में काम करने वाले 16 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वहीं दूसरा हादसा चंदन नगर क्षेत्र में हुआ, जहां जानवरों को खाना देने उतरे 14 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई।**

आजाद नगर पुलिस के अनुसार मृतक सुमित (16) पुत्र दिनेश मूल रूप से खातेगांव का रहने वाला था और करीब एक साल से इंदौर में बारदान कारखाने में काम कर रहा था। रविवार रात ठेकेदार के कॉल पर उसके साथी घर पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला। इससे पहले मकान मालिक भी उसे देख चुका था।

पुलिस को कमरे से शराब की बोतल और खाने का सामान मिला। आशंका है कि सुमित ने किसी दोस्त के साथ शराब पीने के बाद यह कदम उठाया। शव का पोस्ट मार्टम एमवाय अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी घटना चंदन नगर थाना क्षेत्र के बांक इलाके की है। यहां अब्दुल हफीज (14) पुत्र अब्दुल रज्जाक खत्री रात करीब 12 बजे नीचे बकरा-बकरी को खाना देने उतरा था। इसी दौरान उसका हाथ पानी की मोटर के खुले तार से टकरा गया और उसे जोरदार करंट लगा। परिजन तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे एमवाय रेफर किया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। हफीज चार भाइयों में सबसे छोटा था। पिता पहले नाश्ते की दुकान चलाते थे। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शादी से मना किया तो दोस्त ने की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तिलक नगर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि युवक देर रात जबरन उसके फ्लैट में घुसा और विवाद के दौरान उसे छत से नीचे फेंकने की कोशिश की। तिलक नगर पुलिस के अनुसार, दीपकुंज अपार्टमेंट में रहने वाली 28 वर्षीय युवती ने अर्नोश पुत्र जाल कपाड़िया, निवासी कालीदास शिवालिक कॉलोनी, बिचौली मर्दाना, के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। युवती निजी कंपनी में नौकरी करती है और करीब तीन महीने से आरोपी को जानती थी। दोनों के बीच समय-समय पर मुलाकात होती रहती थी। युवती ने बताया कि कुछ दिन पहले अर्नोश ने उससे शादी की बात की थी, लेकिन उसके व्यवहार में बदलाव देखकर उसने इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर आरोपी शनिवार-रविवार की दरमियानी रात युवती के फ्लैट पर पहुंच गया। वहां उसने गाली-गलौज की और युवती के साथ बुरी तरह मारपीट की। आरोपी उसे छत पर ले गया और ऊपर से फेंकने की कोशिश की। विरोध करने पर युवती के हाथ व चेहरे पर चोटें आईं। युवती की चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाला।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....
व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....
कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...
जांचिए ! परखिये !!
ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए
"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...
गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।
समाज में जागरुकता फैलाये।
FOLLOW US
DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.
091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक